IndiaShelter Home Loans

May 26, 2026

| To,<br>**BSE Limited,**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai- 400001<br>**Scrip Code: 544044** | To,<br>**National Stock Exchange of India Limited,**<br>Exchange Plaza, C-1, Block G, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai – 400051<br>**NSE Symbol: INDIASHLTR** |
|---|---|
| **ISIN: INE922K01024**<br>**: INE922K07104**<br>**: INE922K07112** | **ISIN: INE922K01024** |

**Sub: Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations")- Newspaper Publication**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the Listing Regulations, please find enclosed herewith newspaper advertisement published for Notice of Postal Ballot in the English newspaper – Business Standard having Nation-wide circulation and Regional newspaper – Navodaya Times on Tuesday May 26, 2026.

Kindly take the above intimation on your record.

**For India Shelter Finance Corporation Limited**

**Mukti Chaplot**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Mem. No. 38326**

INPUT COST RISE

# Tyre, auto-component firms hint at fresh price hikes

ANJALI SINGH
Mumbai, 25 May



## Under pressure

- Experts suggest calibrated pricing is necessary as material costs soar
- Export markets see a shorter lag in pricing adjustments compared to OEMs

Auto-component and tyremakers are raising prices as raw material and energy costs squeeze their operational margins, and industry leaders warn more increases are likely if inflation doesn't cool down.

Companies listed rising prices of natural rubber, steel, aluminium, copper, freight and energy as key challenges in the fourth quarter of FY26 (Q4 FY26). They noted that costs are passed on to automobile manufacturers after a lag.

Arnab Banerjee, managing director and chief executive officer of Ceat, said the tyre company increased prices by around 5 per cent between March and April. It may take another 5 per cent hike during May-June. According to Banerjee, raw material costs have increased by 13-15 percent, making further calibrated pricing actions necessary for profitability. The company will balance price hikes and market competitiveness, as aggressive increases could moderate demand, said Banerjee.

Apollo Tyres said it has announced price increases of 6-8 percent for Q4 FY26. Gaurav Kumar, the company's chief financial officer, indicated that the hikes have not fully offset cost inflation and more may be required in the coming months.

Executives noted that pricing adjustments vary by segment. Original equipment manufacturer contracts typically allow indexed price revisions with a one-quarter lag, while export markets see a shorter lag due to existing order pipelines. Consequently, this delayed cost recovery will keep near-term pressure on margins despite recent price hikes.

**Auto-component firms**

Auto-component makers echoed these concerns. Sona BLW Precision Forgings (Sona Comstar) said that inflation in steel, aluminium and copper, alongside higher freight and energy costs, hit Q4 FY26 profitability. The company noted that while most commodity inflation is passed on to customers, timing differences continue to weigh on margins.

Ramkrishna Forgings said it is in discussions with customers to recover higher energy and gas costs. The company noted that while steel costs are largely pass-through in nature, energy-related increases are harder to recover immediately.

A recent study by Crisil Ratings said that prolonged supply-chain disruptions and high crude oil prices due to the West Asia conflict could shave nearly 200 basis points off India Inc's operating profitability in FY27.

The ratings agency said auto-component makers have "limited flexibility" to pass on higher production costs in the aftermarket and could face lagged recovery of higher input and freight expenses. It added that for several crude-linked sectors, including auto components, the inability to immediately pass on costs could weigh on profitability despite relatively resilient demand conditions.

"Managing costs and profitability will be a bigger challenge than achieving topline growth," said Subodh Rai, managing director of Crisil Ratings, adding that companies with stronger balance sheets will remain resilient despite margin pressures.


Executives from both industries said the current environment reflects a broader global manufacturing challenge, as persistent input inflation and geopolitical uncertainties force companies to adjust pricing without hurting retail demand or competitiveness.

# Crisil stress test reveals sectors facing greatest risk, and those less affected

Rating agency Crisil has warned that a prolonged West Asia conflict could significantly squeeze India Inc's profitability in FY27, even as strong balance sheets are expected to cushion broader credit risks. In a stress test covering 34 sectors — accounting for nearly 65 per cent of its rated corporate debt portfolio — Crisil estimated that extended supply-chain disruptions and elevated crude oil prices could shave nearly 200 basis points off corporate operating profitability from pre-conflict expectations.

Based on the assumption that disruptions will persist for nine months in FY27 and crude oil averages $110 per barrel, Crisil states 22 of the 34 sectors stress-tested could see operating profitability decline by over 10 per cent as companies may not be able to fully pass on higher costs to consumers immediately.

SOHINI DAS




Note: 1) Revision in revenue growth for FY27 from 10% to 5% would mean a 5% revenue growth impact
2) Revision in operating margin for FY27 from 15% to 10% would mean a margin decline by one-third

**Credit quality impact**
(based on impact on revenue and operating margin, as well as balance sheet strength)

- Neutral/Stable
- Moderately negative
- Negative

■Sectors with moderate balance sheet strength indicated with a ⇔ sign

■Balance sheet strength for all other sectors is strong/very strong

Sectors with positive impact (not depicte in chart):

**Oil-upstream:** Expected positive impact from higher realisations

**Aluminium:** Rise in prices and demand-supply imbalances to benefit

# Cashfree Payments plans funding round of over $100 mn in FY27

AJINKYA KAWALE
Mumbai, 25 May

Fintech firm Cashfree Payments is planning to raise more than $100 million in 2026-27 (FY27) as it looks to deepen investments in cross-border payments and artificial intelligence (AI), while also pursuing international expansion, co-founder and Chief Executive Officer (CEO) Akash Sinha said.

The company has appointed a banker for the process and is exploring discussions with investors.

The Bengaluru-based firm last raised $53 million in 2025 in a Series C funding round led by Korean digital entertainment major Krafton, alongside participation from existing investor Apis Growth Fund II.

The proposed funding round is being viewed as "one last round" before the company begins preparations for a public listing over the next three years, Sinha told *Business Standard*.

"It's also more like a pre-initial public offering (IPO) round. Technically it would be Series D, but from the company's point of view, we want to do one last round before we start moving in that direction over the next three years," he said.

In a statement, the company said it was on track to achieve full-year earnings before interest, taxes, depreciation and amortisation (Ebitda) profitability in FY27.



The company said it recorded revenue of around ₹1,000 crore in FY26, marking growth of 55 per cent over the previous year.

Sinha said the firm was targeting a threefold to fourfold increase in topline growth over the next few years before finalising its listing plans.

Cashfree said it was targeting a 25 per cent contribution to revenue from its cross-border business over the next few years.

"Cashfree Payments has identified three strategic priorities for the upcoming financial year. First, delivering full-year Ebitda profitability. Second, scaling the cross-border business into a major revenue contributor. Third, investing in innovations across the identity verification suite and AI-native payments infrastructure," the company said in a statement.

# Crisil upgrades Vi's credit rating

GULVEEN AULAKH
New Delhi, 25 May

Crisil Ratings on Monday upgraded Aditya Birla group (AB group)-backed telecom service provider Vodafone Idea Ltd's (Vi's) rating to A- with a stable outlook citing the telecom service provider's proposed ₹35,000 crore fund raise through banks.

India's third largest telco has sought to raise funds through an SBI-led consortium of banks, for a long term bank loan facility of ₹25,000 crore. It is also seeking a non-fund based limit of ₹10,000 crore, as a rolling line of credit facility.

"The ratings factor in the strategic importance of Vi for AB group and the financial, operational and managerial support to be provided by the group to Vi. AB group sees Vi as a strategically important entity and the recent appointment of Kumar Mangalam Birla as Vi's chairman highlights strong management control of the group. AB group has articulated strong support to ensure timely debt servicing and continuity of operations of Vi," Crisil said on the upgrade.

"In the past, the group has supported Vi during periods of stress by ensuring timely debt servicing and creditor payments from Vi through equity infusions and other financing," it added.

# JSW to start work on ₹1 trn, 13.2 mtpa Odisha steel plant

HEMANT KUMAR ROUT
Bhubaneswar, 25 May

Nearly 20 years after South Korean steel giant Posco failed to operationalise what was once billed as India's biggest FDI project amid fierce resistance over land acquisition and environmental concerns, the same stretch of land near Paradip in Odisha's Jagatsinghpur district is now set to witness another mega steel venture, this time by JSW Steel.

It will start work on its proposed 13.2 million tonnes per annum integrated greenfield steel plant at Dhinkia on Wednesday in the presence of Chief Minister Mohan Charan Majhi and JSW group Chairman Sajjan Jindal. "A grand event has been planned at Dhinkia to mark the commencement of steel plant work," said an official.

Hemant Sharma, additional chief secretary of the industries department, said work on the plant has been advanced by two years.

"As per initial plans, the steel plant work was to start by 2028 after the completion of the JSW's pellet plant. But they are going to start the work now. The plant will be commissioned early. The investment will significantly go up as the plant capacity has already been enhanced," he told *Business Standard*.

IndiaShelter Home Loans

**INDIA SHELTER FINANCE CORPORATION LIMITED**

**CIN:** L65922HR1998PLC042782
**Registered Office:** 6th Floor, Plot No. 15, Institutional Area, Sector 44, Gurugram, Haryana-122002
**Phone:** +91-124-4131800, **E-mail:** secretarial@indiashelter.in, **Website:** www.indiashelter.in

**INFORMATION REGARDING NOTICE OF THE POSTAL BALLOT**

Notice is hereby given in terms of provisions of Section 108 and Section 110 and other applicable provisions of Companies Act, 2013 read with Rule 20 and 22 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014, General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 and other applicable circulars, notifications, guidelines issued by the Ministry of Corporate Affairs (collectively, the "**MCA Circulars**"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("**Listing Regulations**") or re-enactments(s) thereof for the time being in force and amended from time to time), Secretarial Standard-2 and such other applicable laws and regulations, the approval of Members of India Shelter Finance Corporation Limited is being sought to transact the business as set out in the Notice of Postal Ballot along with the explanatory statement, which has been dispatched on May 25, 2026 to all the Members of the Company as on May 22, 2026 (the "**cut-off date**"), who have registered their e-mail addresses with the Company/Registrar and Transfer Agent/Depository Participants/Depositories.

In accordance with the General Circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs, Members can vote only through the remote e-voting process. The voting rights of Members shall be in proportion to their shares of the paid-up equity share capital of the Company as on the cut-off date i.e., May 22, 2026. Members as on the cut-off date shall only be entitled to avail the facility of remote e-voting.

Members are requested to provide their assent or dissent through remote e-voting only. The Company has availed the services of KFin Technologies Limited ('KFin') to provide the remote e-voting facility to all its members. Members may cast their votes during the period mentioned herein below:

| Particulars | Event Date |
|---|---|
| Commencement of remote e-voting | Tuesday, May 26, 2026, at 9:00 A.M. (IST) |
| End of remote e-voting | Wednesday, June 24, 2026, at 5:00 P.M. (IST) |

Remote e-voting will not be allowed beyond the aforesaid date and time and the remote e-voting module shall be forthwith disabled by KFin upon the expiry of aforesaid period.

In accordance with applicable provisions of the Listing Regulations, the Company will send letters to the members, who have not registered their e-mail IDs, informing them that the Postal Ballot Notice is available on the Company's website at https://www.indiashelter.in/investor-relations.

Members who have not registered their e-mail addresses are requested to register the same in respect of shares with the depository through their Depository Participant. The instructions on the process of remote e-voting and manner in which members can cast their vote through remote e-voting are provided in the Notice of Postal Ballot.

The Notice of Postal Ballot will also be available on the Company's website at https://www.indiashelter.in/ , websites of the Stock Exchanges i.e., BSE Limited (BSE) and National Stock Exchange of India Limited (NSE) at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively, and on the website of KFin at https://evoting.kfintech.com.

The Board of Directors of the Company has appointed Mr. Jigarkumar Gandhi, Practicing Company Secretary (Membership No.: FCS 7569 & CP. 8108), Partner of M/s JNG & Co. LLP as the Scrutiniser for conducting the Postal Ballot process only through the remote e-voting process in a fair and transparent manner.

The results of the Postal Ballot through remote e-voting along with the Scrutiniser's Report will be announced by the Chairman of the Company or any other official authorised by him on or before Monday, June 29, 2026, and will also be displayed on the website of the Company at https://www.indiashelter.in/, KFin at https://evoting.kfintech.com, besides being communicated to the Stock Exchanges. Additionally, the results will also be placed on the notice board of the Registered office of the Company.

In case of any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of https://evoting.kfintech.com (KFin Website) or contact Ms. Diviya Kumari Mahalingam Nadar, Senior Manager (Unit: India Shelter Finance Corporation Limited) of KFin Technologies Limited, Selenium Tower B, Plot 31-32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad 500032 or e-mail at einward.ris@kfintech.com or call KFin's toll free no. 1800309-4001 for any further clarifications.

**For India Shelter Finance Corporation Limited**
Sd/-
**Mukti Chaplot**
Company Secretary
Membership No.38326

**Date:** May 25, 2026
**Place:** Gurugram

SURYA




**Extract of Consolidated Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2026.**

STEEL PIPES

APPLIANCES

FANS

PROFESSIONAL LIGHTING





(₹ in Lakhs)

| | Particulars | Quarter Ended | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.03.2026 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | **2,16,325** | 2,14,583 | **7,54,042** | 7,43,587 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | **13,101** | 17,548 | **38,372** | 46,541 |
| 3. | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | **13,101** | 17,548 | **38,372** | 46,541 |
| 4. | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | **9,830** | 13,009 | **28,581** | 34,660 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period | **9,991** | 12,844 | **28,725** | 34,469 |
| 6. | Equity Share Capital | **10,880** | 10,878 | **10,880** | 10,878 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve). | | | | |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) in Rs. | | | | |
| | 1. Basic: | **4.51** | 5.98 | **13.13** | 15.95 |
| | 2. Diluted: | **4.51** | 5.98 | **13.13** | 15.93 |

**Note:**

1. The above is an extract of the detailed format of audited Consolidated Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2026 are available on the websites of the Stock Exchange(s) ie NSE at www.nseindia.com and BSE at www.bseindia.com and the Company's website www.surya.co.in

2. The Key Standalone Financial Information is as under:

(₹ in Lakhs)

| | Particulars | Quarter Ended | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2026 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.03.2026 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | **2,16,308** | 2,14,565 | **7,53,983** | 7,43,522 |
| 2. | Profit before tax | **13,093** | 17,545 | **38,345** | 46,718 |
| 3. | Profit after tax | **9,824** | 13,006 | **28,561** | 34,840 |

**SURYA ROSHNI LIMITED**
**Regd. Office:** Prakash Nagar, Sankhol, Bahadurgarh, Haryana - 124507
**Corp. Office:** 2nd Floor, Padma Tower-1, Rajendra Place, New Delhi - 110008
**CIN No.:** L31501HR1973PLC007543, **Tel.:** +91-11-47108000
**Website:** www.surya.co.in, **Email-Id:** investorgrievances@surya.in

Scan to view Results

*For Surya Roshni Limited*
*SD/*
*Vinay Surya*
*Managing Director*
*DIN: 00515803*
*New Delhi, May 25th , 2026*

PVC PIPES | WATER TANKS | WATER PUMPS | WIRES & CABLES | CONSUMER LIGHTING




गुवाहाटी: लोक भवन में भूटान के प्रधान मंत्री दाशो शेरिंग टोबगे का अभिनंदन करते असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा।


कोलकाता: 'जनता दरबार' कार्यक्रम के बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में लोगों से बातचीत करते पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी।

# 'न्यायपालिका पर आरोपियों को बचाने के आरोप से व्यथित हैं'

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, निष्पक्ष सीबीआई जांच सुनिश्चित करेगी अदालत

नई दिल्ली, 25 मई (एजैंसी) : सुप्रीम कोर्ट ने मॉडल से अभिनेत्री बनीं ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को कहा कि वह इस विमर्श से 'व्यथित' है कि न्यायपालिका आरोपियों को बचा रही है। साथ ही यह भी कहा कि वह इस मामले में सीबीआई की निष्पक्ष, स्वतंत्र और पूर्वाग्रह रहित जांच सुनिश्चित करेगा। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मीडिया से मामले से जुड़े घटनाक्रम की रिपोर्टिंग करते समय संयम बरतने को कहा।

ट्विशा शर्मा (33) का शव भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में उनके ससुराल में 12 मई को फंदे से लटका मिला था। उनके परिवार ने उनके ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है जबकि ट्विशा के ससुराल वालों ने दावा किया कि वह नशे की आदी थीं। पुलिस ने महिला के पति एवं पेशे से वकील समर्थ सिंह और उनकी सास एवं पूर्व जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की है। न्यायालय ने मामले में एक मीडिया रिपोर्ट के बाद स्वत: संज्ञान लिया था। इसमें जांच में संस्थागत पक्षपात से जुड़े सवाल उठाए गए थे जिनमें यह आरोप भी शामिल था कि आरोपी के वकील होने और उसकी मां के पूर्व जिला न्यायाधीश होने के कारण निष्पक्ष जांच नहीं की जा रही।

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से कहा कि ट्विशा की सास ने टीवी चैनलों पर आकर पीड़िता को बदनाम करने वाले बयान देने शुरू किए जिसके बाद मीडिया कवरेज शुरू हुआ। मीडिया के हस्तक्षेप के कारण मामले में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।



### ट्विशा शर्मा मौत प्रकरण

### ■ मीडिया से घटनाक्रम की रिपोर्टिंग के समय संयम बरतने को कहा


ट्विशा और समर्थ की फाइल फोटो।

### सीबीआई ने संभाली जांच

नई दिल्ली : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की मौत के मामले की जांच राज्य पुलिस से सोमवार रात अपने हाथ में ले ली। इसके लिए सीबीआई की एक टीम भोपाल भेजी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विशेष अपराध शाखा की टीम ने भोपाल के पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और आवश्यक दस्तावेज एवं सबूत एकत्र किए। सीबीआई ने राज्य पुलिस की प्राथमिकी को अपने मामले के रूप में पुन: दर्ज किया।

### 'परिवार के दर्द को महज साउंड बाइट बनाकर पेश न करे'

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, 'कुछ कार्रवाइयों से हम व्यथित हैं। हम मीडिया में अपने मित्रों से अनुरोध करेंगे कि वे पीड़िता के परिवार या दूसरे पक्ष के परिवार के बयान लेने से बचें। चीजों को कानून और प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ने दिया जाए। हम मीडिया से अनुरोध करते हैं कि वह पीड़िता के परिवार के बयान रिकॉर्ड न करे और उनके दर्द को महज 'साउंड बाइट' बनाकर पेश न करे।'

### गिरिबाला व समर्थ से पुलिस ने की पूछताछ

भोपाल : ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने अग्रिम जमानत पर चल रही सेवानिवृत्त न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके गिरफ्तार बेटे समर्थ सिंह से विस्तृत पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा, "हमने गिरिबाला सिंह से पूछताछ की है। समर्थ सिंह से भी पूछताछ की जा रही है। दोनों द्वारा दी गई जानकारी की पुष्टि की जा रही है।" उन्होंने कहा कि जांच जारी है और कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस हिरासत में समर्थ सिंह ने जांचकर्ताओं को बताया है कि ट्विशा के गर्भवती होने के बाद उनके संबंधों में खटास आ गई थी। उन्होंने कहा, "अभी तक मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन जांच जारी है। इस स्तर पर कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।"

# 131 हस्तियों को राष्ट्रपति ने दिया पद्म सम्मान




नई दिल्ली: पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को पद्म श्री से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

नई दिल्ली: गुजराती लोक कलाकार धर्मिकलाल चुनीलाल पंड्या का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह व अन्य।

नई दिल्ली, 25 मई (एजैंसी) : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक अलंकरण समारोह में 131 हस्तियों को पद्म सम्मान से नवाजा। हिंदी फिल्मों के अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत और शास्त्रीय संगीतकार एवं वायलिन वादक एन राजम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। धर्मेंद्र को कला के क्षेत्र में असाधारण और उत्कृष्ट सेवा के लिए यह पुरस्कार दिया गया जिसे उनकी पत्नी और सांसद हेमा मालिनी ने ग्रहण किया। इनके अलावा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, शतावधानी आर गणेश; कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय सुरेश कुमार कोटक और उदर रोग विशेषज्ञ कल्लीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी को पद्म भूषण से सम्मानित किया। समारोह में पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमन प्रीत कौर, अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी, सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक के. विजय कुमार डोनेट लाइफ, सूरत के संस्थापक नीलेश विनोद चंद्र मंडलेवाला को पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

# इसके लिए इतने भावुक न हों : सुप्रीम कोर्ट

### ■ कॉकरोच जनता पार्टी संबंधी याचिका पर तत्काल सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली, 25 मई (एजैंसी) : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फर्जी वकीलों और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से जुड़ी गतिविधियों के आरोपों की जांच के अनुरोध वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए टिप्पणी की कि "इसके लिए इतना भावुक न हों"। सीजेपी एक व्यंग्यात्मक डिजिटल मंच है जो हाल में सोशल मीडिया पर काफी चर्चित रहा है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एन.के. गोस्वामी से कहा कि वह इस मुद्दे को "इतने भावुक तरीके" से न लें।

गोस्वामी ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश के स्पष्टीकरण के बावजूद एक विकृत और दुर्भावनापूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाया जा रहा है। एक अन्य वकील ने कानून की फर्जी डिग्रियों के मामले में सीबीआई से जांच का अनुरोध करते हुए कहा कि अदालत में हुई बातचीत का व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश ने इसके जवाब में कहा, 'ऐसी कोई गंभीर आवश्यकता नहीं है। हम देखेंगे।'

# मैंने अपनी बेटी खो दी, ममता ने कुर्सी गंवा दी : रत्ना



कोलकाता, 25 मई (एजैंसी) : आरजी कर बलात्कार-हत्या मामले में पीड़िता की मां और भाजपा विधायक रत्ना देबनाथ ने सोमवार को राज्य सचिवालय में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की और विधानसभा चुनाव में हार को लेकर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधा।

देबनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'आज मैंने नबान्न की 14वीं मंजिल पर मुख्यमंत्री से मुलाकात की। आज ममता बनर्जी और मैं दोनों शोक में हैं। मैंने अपनी इकलौती बेटी को खो दिया है और अपना जीवन जनता की सेवा में समर्पित कर दिया है। ममता ने 14वीं मंजिल पर अपनी कुर्सी खो दी है।'

# भाजपा ने राहुल की 'भविष्यवाणी' को कोरी कल्पना बताया

### ■ ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर की थी टिप्पणी


पीयूष गोयल


गौरव भाटिया

नई दिल्ली, 25 मई (एजैंसी) : भारतीय जनता पार्टी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हाल में हुई बढ़ोतरी पर की गई राहुल गांधी की टिप्पणियों की सोमवार को आलोचना करते हुए सरकार गिरने की भविष्यवाणी को उनकी कोरी कल्पना करार दिया। साथ ही देश को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी के उस तीखे हमले के बाद आई है जिसमें उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए एक साल में सरकार गिरने का दावा किया था। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह सिर्फ राजनैतिक बयान नहीं बल्कि एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश में अस्थिरता का माहौल बनाना चाहता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस नेता को 'अपरिपक्व और अराजक' कहा और आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

# तमिलनाडु : किसानों का 50 हजार तक का कर्ज माफ

चेन्नई, 25 मई (एजैंसी) : किसानों को एक बड़ी राहत देते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को एक बड़ी घोषणा में राज्य के छोटे और सीमांत किसानों को लाभान्वित करने के लिए 5,000 रुपए से लेकर 50,000 रुपए तक के कृषि ऋण माफ करने का एलान किया। इससे करीब 14 लाख 22555 किसानों को लाभ मिलेगा और राज्य सरकार पर सालाना 2,044.46 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

विजय ने सहकारी बैंकों से एक मई, 2025 से 28 फरवरी, 2026 के बीच किसानों द्वारा लिए गए ऋणों को माफ करने की घोषणा की। इसके अनुसार, जिन किसानों ने 50,000 रुपए तक का ऋण लिया है, उनमें से सीमांत किसानों के लिए 100 प्रतिशत और छोटे किसानों के लिए 50 प्रतिशत ऋण माफ किया जाएगा। विजय के प्रमुख चुनावी वादों में कर्ज माफी भी शामिल है।

वहीं 50,001 से 60,000 रुपए तक ऋण लेने वालों को क्रमश: 40,000 रुपए और 20,000 रुपए माफ किए जाएंगे। इसी तरह 60,001 से 70,000 रुपए के ऋण पर क्रमश: 30,000 रुपए और 15,000 रुपए, 70,001 से 80,000 रुपए के ऋण पर क्रमश: 20,000 और 10,000 तथा 80,001 से 90,000 रुपए और 90,001 से एक लाख तक की श्रेणियों के क्रमश: 10,000 व 5,000 रुपए की माफी दी जाएगी।

# देबाशीष ने राज्यसभा और बीजद दोनों से दिया इस्तीफा

### ■ जल्द भाजपा में हो सकते हैं शामिल



भुवनेश्वर, 25 मई (एजैंसी) : बीजद के राज्यसभा सदस्य देबाशीष सामंतराय ने राज्यसभा की सदस्यता और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक के कभी बेहद करीबी माने जाने वाले सामंतराय जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

सामंतराय को जून में होने वाले आगामी द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा के टिकट पर फिर से राज्यसभा भेजे जाने का कथित तौर पर आश्वासन दिया गया है। गौरतलब है कि बीजद की पूर्व राज्यसभा सांसद ममता मोहंता और सुजीत कुमार ने इससे पहले बीजद में रहते हुए उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद दोनों को भाजपा ने राज्यसभा भेजा था। पटनायक को भेजे गए अपने इस्तीफे में सामंतराय ने सामंतराय ने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में उन्हें पार्टी के भीतर दरकिनार कर दिया गया था। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा खुद को पार्टी के हितों के लिए समर्पित किया है। हालांकि, मुझे लगता है कि हाल ही में पार्टी में मुझे व्यवस्थित रूप से कमतर आंका गया है और पार्टी को अब मेरी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है। इसलिए, मैंने यह कठिन निर्णय लिया है।'

### बातों-बातों में

डा. शेखर गुरेरा | www.shekhargurera.com



...पेपर लीक पर 'जीरो टालरेंस' पर बोलते-बोलते कहीं ये मंत्री जी के इस्तीफे की मांग पर 'जीरो टालरेंस' पर ही तो नहीं बोलने लगे!

# इस्तीफा दें धर्मेंद्र प्रधान, NTA में सुधार हो : जयराम रमेश



नई दिल्ली, 25 मई (नवोदय टाइम्स) : कांग्रेस ने एक बार फिर देश में पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव और संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। पार्टी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए में व्यापक सुधार किए जाएं। प्रश्नपत्र तैयार करने, टाइपिंग, अनुवाद, प्रिंटिंग, वितरण, परीक्षा संचालन और मूल्यांकन तक की पूरी प्रक्रिया के लिए एक मजबूत और फुलप्रूफ प्रोटोकॉल बनाया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की धांधली की संभावना खत्म हो सके। जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में केंद्र सरकार पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। कहा कि पिछले दो वर्षों में लाखों छात्रों को पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों की कीमत चुकानी पड़ी है, लेकिन केंद्र ने विपक्ष की चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लिया। जयराम रमेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार हुए पेपर लीक और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान इस मुद्दे को लगातार उठाए जाने के बाद केंद्र सरकार फरवरी 2024 में पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट लेकर आई थी। उस समय मोदी सरकार ने इस कानून को ऐतिहासिक बताया था, लेकिन विपक्ष के सांसदों ने संसद में ही यह कह दिया था कि यह कानून "गेस पेपर" या अन्य तरीकों से होने वाले पेपर लीक को रोकने में नाकाम रहेगा।

# अन्नाद्रमुक के तीन बागी विधायकों ने सौंपा इस्तीफा

### ■ टीवीके में हो सकते हैं शामिल

चेन्नई, 25 मई (एजैंसी) : वरिष्ठ नेता सीवी षणमुगम और एसपी वेलुमणि के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के बागी गुट से जुड़े तीन विधायकों ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर को अपना इस्तीफा सौंप दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने तीनों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं, जिसके बाद तमिलनाडु में चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने की संभावना है। इनमें मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय द्वारा खाली की गई तिरुचिरापल्ली ईस्ट सीट भी है। विधानसभा अध्यक्ष प्रभाकर ने संवाददाताओं को बताया कि अन्नाद्रमुक के तीनों विधायकों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के तुरंत बाद तीनों विधायकों (मदुरंथकम से निर्वाचित एम. कुमारवेल, धारापुरम से निर्वाचित सत्यभामा और पेरुंदुरई से चुने गए जयकुमार) ने टीवीके सरकार में मंत्री आधव अर्जुन से उनके कक्ष में मुलाकात की। माना जा रहा है कि कुमारवेल, सत्यभामा और जयकुमार टीवीके में शामिल हो सकते हैं।

### 5 विधायक पलानीस्वामी खेमे में

षणमुगम-वेलुमणि गुट में शामिल अन्नाद्रमुक के 5 विधायक फिर से पलानीस्वामी के खेमे में चले गए। इसके साथ ही विधानसभा में पलानीस्वामी समर्थक विधायकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई। वेलुमणि गुट छोड़ने वाले विधायकों में एसएम सुकुमार (आर्कोट) भी शामिल हैं। तीन विधायकों के इस्तीफे और 5 विधायकों के पलानीस्वामी खेमे में लौटने के बाद, बागी गुट में शामिल विधानसभा सदस्यों की संख्या अब 25 से घटकर 17 रह गई है। पलानीस्वामी गुट में लौटे विधायकों में एस.एम. सुकुमार (आर्कोट), पी. हरिबास्कर (अंथियूर), दिलीपन जयशंकर (शंकरकोइल), एन.एस.एन. नटराजन (कांगयम) और के. मोहन (पणरुति) शामिल हैं।

बदलाव | वर्षों पुराने पैटर्न से हटकर आए प्रश्नपत्र से अभ्यर्थी निराश

# UPSC प्रीलिम्सः अप्रत्याशित पेपर में फंसे अभ्यर्थी

■ सतीश मेहरा

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 इस बार अभ्यर्थियों के लिए केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि मानसिक धैर्य, भाग्य और अप्रत्याशितता की ऐसी चुनौती बन गई, जिसने लाखों युवाओं को गहरी निराशा में डाल दिया। वर्षों से निर्धारित पैटर्न, विषयों की प्राथमिकता और प्रश्नों की प्रकृति को आधार बनाकर तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को इस बार ऐसा लगा मानो परीक्षा हॉल में प्रवेश करते ही पूरा खेल बदल दिया गया हो। आठ लाख से भी अधिक अभ्यर्थियों ने इस बार परीक्षा के लिए आवेदन किया था।

अभ्यर्थियों का कहना है कि इस बार का प्रश्नपत्र पूरी तरह "ट्रिकी" और "अनप्रिडिक्टेबल" था। वर्षों से जिस पैटर्न को देखकर तैयारी की जा रही थी, उससे बिल्कुल अलग दिशा में प्रश्न पूछे गए। सबसे अधिक हैरानी इस बात को लेकर रही कि संविधान और पॉलिटी जैसे विषय, जिनसे सामान्यत: एक दर्जन या उससे अधिक प्रश्न पूछे जाते थे, इस बार केवल चार-पांच प्रश्नों तक सिमट गए। भारतीय संविधान, शासन व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर केंद्रित तैयारी करने वाले लाखों छात्रों को इससे बड़ा झटका लगा।

इसी प्रकार अर्थव्यवस्था यानी इकोनॉमिक्स से भी अपेक्षाकृत बहुत कम प्रश्न पूछे गए। इतिहास और भूगोल के प्रश्नों का स्वरूप भी पारंपरिक नहीं था।

छात्रों का कहना है कि करंट अफेयर्स के नाम पर कई ऐसे प्रश्न पूछे गए, जिनका संबंध पुराने घटनाक्रमों से था और जिन्हें सामान्य तैयारी के दौरान प्राथमिकता नहीं दी जाती। इससे उन अभ्यर्थियों को भी परेशानी हुई जो पिछले एक-दो वर्षों के समसामयिक घटनाक्रमों पर केंद्रित तैयारी कर रहे थे।




### पहली बार एथिक्स आधारित प्रश्नों का प्रभाव

परीक्षा में पहली बार एथिक्स आधारित प्रश्नों का प्रभाव भी दिखाई दिया। विज्ञान से जुड़े प्रश्नों का स्तर अभ्यर्थियों के अनुसार अत्यधिक जटिल था। पहले प्रश्नपत्र ने ही अभ्यर्थियों के पसीने छुड़ा दिए थे, दूसरा पेपर उससे भी अधिक अप्रत्याशित निकला। प्रश्न इतने लंबे और विश्लेषणात्मक थे कि उन्हें पढ़ने में ही काफी समय निकल गया। प्रीलिम्स परीक्षा का सबसे बड़ा हथियार समय प्रबंधन ही इस बार अनेक अभ्यर्थियों के लिए सबसे बड़ी कमजोरी बन गया।

### कटऑफ को लेकर चर्चा

कटऑफ को लेकर भी इस बार अभ्यर्थियों के बीच अलग ही चर्चा रही। छात्रों का अनुमान है कि इस बार सामान्य वर्ग की कटऑफ 65 से 70 प्रतिशत अंकों के बीच रह सकती है। यह अनुमान पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम माना जा रहा है। 2025 में सामान्य वर्ग की कटऑफ 92 प्रतिशत से ऊपर बताई जा रही थी, जबकि आरक्षित श्रेणी की कटऑफ लगभग 84 प्रतिशत रही थी। वहीं 2024 में सामान्य वर्ग की कटऑफ करीब 87 प्रतिशत तक पहुंची थी।

### विशेषज्ञों की राय

विशेषज्ञों का एक वर्ग यह भी मानता है कि संघ लोक सेवा आयोग लगातार परीक्षा को रटने की प्रवृत्ति से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। आयोग शायद यह देखना चाहता है कि अभ्यर्थी केवल तय पैटर्न पर निर्भर हैं या वास्तव में व्यापक समझ और विश्लेषण क्षमता रखते हैं।

Indiaशेल्टर
होम लोन्स

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सीआईएन: L65922HR1998PLC042782
पंजीकृत कार्यालय: 6ठी मंजिल, प्लॉट नंबर 15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 44, गुरुग्राम, हरियाणा-122002
फोन: +91-124-4131800, ईमेल: secretarial@indiashelter.in, वेबसाइट: www.indiashelter.in

पोस्टल बैलेट की सूचना के संबंध में जानकारी

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और धारा 110 के प्रावधानों, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और अन्य लागू परिपत्र, अधिसूचना, दिशानिर्देश (सामूहिक रूप से, "एमसीए परिपत्र"), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के विनियम 44 (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") या उसके समय-समय पर लागू और संशोधित विनियम, सचिवीय मानक -2 और ऐसे अन्य लागू कानूनों और विनियमों के संदर्भ में नोटिस दिया जाता है कि पोस्टल बैलेट के नोटिस में यथा-निर्दिष्ट कार्य को संचालित करने के लिए इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के सदस्यों की मंजूरी मांगी जा रही है। व्याख्यात्मक विवरण, जिसे दिनांक 22 मई, 2026 ("कट-ऑफ तिथि") तक कंपनी के सभी सदस्यों के पास दिनांक 25 मई, 2026 को भेज दिया गया है, जिन्होंने कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/डिपॉजिटरी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत किया है।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्रों के अनुसार, सदस्य केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। सदस्यों का मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि यानी 22 मई, 2026 तक कंपनी की चुकाई गई इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयरों के अनुपात में होगा। कट-ऑफ तिथि तक के सदस्य केवल रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रदान करें। कंपनी ने अपने सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ("केफिन") की सेवाओं का लाभ उठाया है। सदस्य नीचे उल्लिखित अवधि के दौरान अपना वोट डाल सकते हैं:

| विवरण | तिथि |
|---|---|
| रिमोट ई-वोटिंग प्रारंभ होने की तिथि | मंगलवार, 26 मई, 2026, 9.00 बजे पूर्वा. (भा.मा.स.) |
| रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि | बुधवार, 24 जून, 2026, 5.00 बजे अप. (भा.मा.स.) |

उपरोक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और उपरोक्त अवधि की समाप्ति पर रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को केफिन द्वारा तुरंत अक्षम कर दिया जाएगा।

सूचीबद्धता विनियमों के लागू प्रावधानों के अनुसार, कंपनी उन सदस्यों को पत्र भेजेगी, जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, उन्हें सूचित किया जाएगा कि पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट https://www.indiashelter.in/investor-relations पर उपलब्ध है।

जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से डिपॉजिटरी के साथ शेयरों के संबंध में इसे पंजीकृत करें। रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया और जिस तरीके से सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं, उसके निर्देश पोस्टल बैलेट के नोटिस में दिए गए हैं।

पोस्टल बैलेट की सूचना कंपनी की वेबसाइट https://www.indiashelter.in/, स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) की वेबसाइट क्रमश: www.bseindia.com और www.nseindia.com, और केफिन की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध होगी।

कंपनी के निदेशक मंडल ने मेसर्स जेएनजी एंड कंपनी एलएलपी के पार्टनर, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी (सदस्यता संख्या: एफसीएस 7569 और सीपी: 8108) श्री जिगरकुमार गांधी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलेट प्रक्रिया के संचालन के लिए संवीक्षक नियुक्त किया है।

संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से पोस्टल बैलेट के परिणाम कंपनी के अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा सोमवार, 29 जून, 2026 तक घोषित किए जाएंगे और स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित करने के अलावा कंपनी की वेबसाइट https://www.indiashelter.in/, केफिन की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाया जाएगा।

किसी भी प्रश्न के मामले में, आप https://evoting.kfintech.com (केफिन की वेबसाइट) के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders तथा e-voting user manual for Shareholders देख सकते हैं या सुश्री दिव्या कुमारी, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गाचीबोवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद 500032 से संपर्क करें या einward.ris@kfintech.com पर ईमेल करें या किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए केफिन के टोल फ्री नंबर 1800309-4001 पर कॉल करें।

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
मुक्ति चपलोत
कंपनी सचिव
सदस्यता संख्या: 38326

तिथि: 25 मई, 2026
स्थान: गुरुग्राम